BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 04.09.2024 **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना अरनिया व खुर्जा नगर**

गौकशी करने वाले बदमाशों से थाना अरनिया व थाना खुर्जा नगर पुलिस की संयुक्त रूप से हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 03 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, पशु काटने के औजार एवं बाइक बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 03/04.09.2024 की रात्रि को थाना अरनिया पुलिस एक अभिसूचना के आधार पर गांव नायसर के पास पड़ने वाले बम्बे(रजवाहा) पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी उसी समय ग्राम डांवर की ओर से 01 बाइक पर सवार 03 संदिग्ध व्यक्ति आते हुये दिखाई दिये जिनको रूकने का इशारा किया गया तो नहीं रूके एवं बाइक को मोड़कर ग्राम बलराऊ की ओर तेजी से भागने लगे। जिसपर पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया तो बदमाशों की बाइक हड़बड़ाहट में बम्बा पटरी किनारे आम के बाग के पास कच्चे रास्ते पर अनियंत्रित होकर फिसल गयी जिससे बदमाशों द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 02 बदमाश अफजाल व अकरम गोली लगने से घायल हो गये जिनको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया व 01 बदमाश अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहा जिसकी सूचना थाना खुर्जा नगर पुलिस को आरटी सेट द्वारा दी गई जिसपर थाना खुर्जा नगर पुलिस टीम फरार बदमाश की उस्मापुर गांव के पास बम्बा पुलिया पर तलाश हेतु गश्त/चैकिंग करने लगी कुछ ही देर बाद बलराऊ गांव की ओर से एक संदिग्ध व्यक्ति पैदल आता हुआ दिखाई दिया जिसको खुर्जा नगर पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किया गया तो नही रुका तथा बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जाने से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश जुल्फिकार गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 01. अकरम पुत्र जुल्फिकार निवासी ग्राम रामपुर शाहपुर थाना चन्डौस जनपद अलीगढ़ 02. अफजाल पुत्र अनवार निवासी रामपुर शाहपुर थाना चन्डौस जनपद अलीगढ़ 03. जुल्फिकार पुत्र अहसान निवासी रामपुर शाहपुर थाना चन्डौस जनपद अलीगढ़ के रुप में हुई हैं, घायल बदमाशों को उपचार हेतु जिला अस्पताल बुलन्दशहर में भर्ती कराया गया हैं। बदमाशों के कब्जे से अवैध अस्लाह, कारतूस, पशु काटने वाले औजार व 01 बाइक बरामद हुई हैं।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 30/31.08.2024 की रात्रि में थाना अरनिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बलराऊ के पास आम के बाग में उपरोक्त बदामशों द्वारा गोकशी की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना अरनिया पर मुअसं 257/24 धारा 3/5/8 गौवध अधिनियम पंजीकृत किया गया था। जिनकी गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम पता-

01. अकरम पुत्र जुल्फिकार निवासी ग्राम रामपुर शाहपुर थाना चन्डौस जनपद अलीगढ़।
02. अफजाल पुत्र अनवार निवासी रामपुर शाहपुर थाना चन्डौस जनपद अलीगढ़।
03. जुल्फिकार पुत्र अहसान निवासी रामपुर शाहपुर थाना चन्डौस जनपद अलीगढ़।

बरामदगी-

1- 03 तमंचा 315 बोर, 04 जिंदा, 03 खोखा कारतूस।
2- 01 बाइक स्पलेन्डर(रजि0 नं0 UP 14FU 4993)
3- 01 चाकू, रस्सा।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना अरनिया व खुर्जा नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

अभियुक्त अकरम का आपराधिक इतिहास-

1- मुअस 257/24 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर।
2- मुअस 260/24 धारा 109 बीएनएस थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर।
3- मुअस 261/24 धारा 3/25/27 आयुध अधि0 थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त अफजाल का आपराधिक इतिहास-

1- मुअस 108/14 धारा 379,411 भादवि थाना चन्डौस जनपद अलीगढ़।
2- मुअस 109/14 धारा 379,411 भादवि थाना चन्डौस जनपद अलीगढ़।
3- मुअस 257/24 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर।

4- मुअस 260/24 धारा 109 बीएनएस थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर।

5- मुअस 262/24 धारा 3/25/27 आयुध अधि0 थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त जुल्फिकार का आपराधिक इतिहास-

1- मुअस 257/24 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर।

2- मुअस 813/24 धारा109(2) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम(अरनिया)-

1- श्री पम्मी चौधरी थाना प्रभारी अरनिया।

2- उ0नि0 केदारनाथ राय, उ0नि0 यूटी अनुज गंगवार, उ0नि0 यूटी सकलेन हसन जैदी।

3- का0 गौरव कुमार, का0 कपिलकान्त, का0 विकास, जनेश्वर, का0 अजय सोलंकी, का0 हिमांशु।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम(खुर्जा नगर)-

1- श्री राजपाल तोमर प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा नगर।

2- उ0नि0 शुभम राठी,उ0नि0 सुमित कुमार, उ0नि0 सतीश चन्द्र।

3- हे0का0 सितम सिंह, का0 प्रवेश बैंसला, का0 पंकज राणा, का0 गोपाल चौधरी, का0 देवेन्द्र, का0 ललित चौधरी।

मीडिया सेल बुलंदशहर